INDIAN ARMY SPORTS QUOTA INTAKE 03/2024

UNOFFICIAL INSTRUCTIONS FOR CANDIDATE, FOR COMPLETE DETAILS CHECK OFFICIAL NOTIFICATION

रोज़गार सूचनाओं के लिये टेलीग्राम पर सर्च करें @singhalprakashan

आवेदन पत्र हेतु सबसे विश्वसनीय वेबसाईट www.vacancyform.com

भारतीय थलसेना

हवलदार व नायब सूबेदार की भर्ती

योग्यता-दसवीं पास। केवल पुरुष | विज्ञप्ति 20 रुपया | Offline | निःशुल्क भर्ती

भारतीय थलसेना द्वारा हवलदार व नायब सूबेदार के पदों पर भर्ती के लिये अविवाहित भारतीय पुरुष नागरिकों से खेल कोटा में आवेदन पत्र आमन्त्रित किए जाते हैं। इन पदों पर भर्ती के लिये आवश्यक योग्यता व शर्तें निम्नवत हैं :-

पद का नाम : हवलदार, नायब सूबेदार (किसी एक पद के लिये आवेदन करें)

शैक्षणिक योग्यता : दसवीं पास। **आवेदन शुल्क :** नि:शुल्क भर्ती।

आयु सीमा : आवेदक का जन्म 31 मार्च 2000 को अथवा उसके बाद तथा 01 अप्रेल 2007 को अथवा उससे पहले हुआ हो। (साढे 17 से 25 वर्ष के बीच)

शारीरिक स्तर : हरियाणा, पंजाब, चण्डीगढ, दिल्ली, राजस्थान व पश्चिम उत्तर प्रदेश (मेरठ व आगरा डिवीजन) के पुरुष आवेदकों का कद 170 सेमी, पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखण्ड व उड़ीसा के लिये 169 सेमी, मध्य प्रदेश, छतीसगढ, गुजरात, महाराष्ट्र, दादरा नगर हवेली, दमन व द्वीव के लिये 168 सेमी, आन्ध्रप्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, गोआ व पुदुचेरी, अण्डमान व निकोबार के लिये 166 सेमी, गोरखा व लद्दाखी 157 सेमी तथा अन्य राज्य व क्षेत्रों तथा सम्पूर्ण विवरण के लिये विभागीय विज्ञप्ति देखें। सभी आवेदकों का वजन कद के अनुपातिक होना चाहिये तथा आवेदकों के सीने में कम से कम 5 से.मी का फुलाव होना चाहिये। पुरुष आवेदको को 1600 मीटर की दौड 5 मिनट 45 सैकेण्ड में पूरी करनी होगी तथा जीग-जैग ब्लेंस व 9 फीट खाई कूदनी होगी।

डाक द्वारा आवेदन भेजने का पता : भर्ती के लिये इच्छुक उम्मीदवारों को अपना आवेदन पत्र दसवीं, आधार कार्ड व खेल प्रमाण पत्र सहित इस प्रकार भेजना होगा कि वह 28.02.2025 तक या उससे पहले Directorate of PT & Sports, General Staff Branch, IHQ of MoD [Army], Room No 747, 'A' Wing, Sena Bhawan PO, New Delhi - 110011 के पते पर आवश्यक दस्तावेजों की स्वयं सत्यापित प्रतियों सहित केवल डाक के माध्यम से पंहुच जाये।

आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले प्रमाण पत्र –

क) दसवीं के प्रमाण पत्र की स्वयं सत्यापित प्रतिलिपि (जन्म तिथि हेतु)
ख) आधार कार्ड की स्वयं पत्यापित प्रतिलिपि (पते सहित)
ग) खेल प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि (जिस खेल हेतु आवेदन किया गया है)

भर्ती के लिये आते समय साथ लाने वाले मूल दस्तावेज व अन्य:

क) शैक्षिक योग्यता के प्रमाण पत्र। यदि दसवीं ओपन स्कूल से है तो स्कूल छोडने का प्रमाण पत्र EO/DEO से प्रतिहस्ताक्षरित हो।
ख) यदि आरक्षित वर्ग से सम्बन्धित हैं तो तहसीलदार या जिला मैजिस्ट्रेट द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र।
ग) निवास प्रमाण पत्र जो तहसीलदार या जिला मैजिस्ट्रेट से जारी हो।
घ) धर्म प्रमाण पत्र (यदि जाति प्रमाण पत्र में धर्म का उल्लेख न हो तो)
ङ) स्कूल प्रिंसीपल या हैडमास्टर द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र।
च) 20 फोटोग्राफ जिनका बैकग्राउण्ड सफेद हो तथा जो 1 माह से अधिक पुराने न हो। (बाल कटे हुए हो तथा क्लीन शेव हो)
छ) ग्राम प्रधान या नगर निगम द्वारा जारी अविवाहित होने का प्रमाण पत्र (सत्यापित फोटो सहित) जो 6 माह से अधिक पुराना न हो।
ज) ग्राम प्रधान या नगर निगम द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र (सत्यापित फोटो सहित) जो 6 माह से अधिक पुराना न हो।
झ) आधार कार्ड तथा खेल किट।
ण) भारतीय सेना या अन्य किसी सरकारी संगठन में सेवारत या सेवानिवृत होने पर मूल डिस्चार्ज प्रमाण/NOC व उसकी 4 फोटो प्रतियाँ।

अन्य सामान्य शर्तें व निर्देश (ध्यान देवें):

1. आवेदन वाले लिफाफे पर DIRECT ENTRY HAVILDAR / NAIB SUBEDAR [SPORTS] INTAKE 03/2024 अवश्य लिखें।
2. आवेदन करने से पूर्व विभागीय विज्ञापन को पूरा ध्यानपूर्वक अवश्य पढ लेवें तथा उसे ही सही समझे। सभी प्रकार से योग्य होने पर ही आवेदन करें।
3. खेल ट्रायल के लिये केवल चयनित आवेदकों को उनके ई-मेल पर सूचित किया जाएगा। अत: अपना ई-मेल समय-समय पर चैक करते रहें।
4. फोटो 1 माह से अधिक पुराना न हो तथा फोटो का बैकग्राउण्ड सफेद हो।
5. आवेदक एथलेटिक्स, बास्केटबाल, गोताखोर, फुटबाल, फेंसिंग, जिम्नास्टिक, बाक्सिंग, आर्चरी, हॉकी, हैण्डबाल, जूडो, कायकिंग व कोनिंग, कबड्डी, तैराकी, शूटिंग, सेलिंग, ट्राइथलान, वालीबाल, वेट लिफ्टिंग, रेसलिंग, वूशु, रोविंग या विंटर गेम्स में से किसी भी खेल का खिलाडी हो। खेल स्तर, स्थिति, श्रेणीं व अन्य सभी विवरण के लिये विभागीय विज्ञापन का अवलोकन करे व उसी आधार पर आवेदन करें। आवेदक ने अन्तर्राष्ट्रीय/जूनियर या सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप/खेलो इण्डिया गेम/युवा खेलों में 01 अक्टूबर 2022 के बाद उक्त में से किसी भी खेल में उपलब्धि प्राप्त की होनी चाहिये।

अधिक जानकारी के लिये https://joinindianarmy.nic.in देखे। किसी भी त्रुटि के लिये प्रकाशक या विक्रेता जिम्मेवार नहीं होगा। यद्यति निर्देश को प्रकाशित करने में पूर्ण सावधानी बरती गई है तथापि विभाग द्वारा विज्ञापित सूचना को ही अधिकृत व सही समझा जाए। यह विज्ञप्ति केवल आवेदको के सूचनार्थ है, अधिकारिक उपयोग हेतु नहीं। विभागीय विज्ञप्ति ही अधिकारिक समझी जाए।

सभी आफलाइन आवेदन पत्र इस वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते हैं

www.vacancyform.com

ध्यान देवें - सभी ऑफलाइन आवेदन पत्र Download Link व नोटिस, ऑनलाइन आवेदन नोटिफिकेशन व Apply Link तथा हमारे टेलीग्राम व व्हाट्सअप ग्रुप से जुडने का लिंक वेबसाईट www.vacancyform.com पर उपलब्ध है। ऑफलाइन आवेदन पत्र या तो अपने निकटतम फार्म विक्रेता से लें या भारतीय थलसेना की वेबसाईट से डाउनलोड कर लें।

रोजगार सूचनाओं की जानकारी के लिये Telegram Group https://telegram.me/singhalprakashan से जुडे। टेलीग्राम पर या व्हाटसअप नम्बर पर यदि आप काल करते हैं तो आपका नम्बर ब्लॉक कर दिया जाएगा।

यह आवेदन पत्र सिंहल प्रकाशन, रेवाडी (रजि० नं० 1114130) द्वारा बेरोजगारों के लिए प्रकाशित है। सम्बन्धित विभाग का फॉर्म प्रकाशक/प्रकाशन से कोई सम्बन्ध नहीं है। महत्वपूर्ण निर्देश : इस जानकारी को अपने पास संभाल कर रख लेवें, फॉर्म के साथ न भेजें।